तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 15 सितंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 कोयलीबेड़ा विकासखंड में शिक्षा की गुणवत्ता...



12 खनिज विभाग ने अंततः चेन माउंटेन को किया ...



**समारोह :** नरहरपुर में आयोजित ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम में सीएम ने दी सौगात

# नई उद्योग नीति का फोकस है बस्तर संभाग व आदिवासियों के विकास को प्राथमिकताः साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मुख्यमंत्री ने 75 .31 करोड़ रुपए के 11 निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

आदिवासी समाज द्वारा आयोजित ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम में शामिल होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय क्षेत्रवासियों को विभिन्न सौगातें दीं। मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज के ईष्ट आराध्य देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि नई उद्योग नीति में आदिवासी विकास को प्राथमिकता देते हुए बस्तर सहित सरगुजा को विशेष तौर पर फोकस किया गया है, ताकि यहां के निवासियों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें माकूल लाभ दिलाया जा सके। इस अवसर पर उनके साथ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और वन एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित रहे। विकासखंड मुख्यालय नरहरपुर के उन्मुक्त खेल मैदान में 14 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने आदिवासी समाज के ईष्ट देवी-देवताओं का जयघोष करते हुए उपस्थित लोगों को ठाकुर जोहारनी और नवाखाई की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की यह अनूठी परम्परा को आगे भी जीवित रखना होगा और समाज की एकजुटता हमेशा कायम रहनी चाहिए।





## नरहरपुर में की घोषणाएं

ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नरहरपुर क्षेत्र के लिए विभिन्न घोषणाएं भी की जिनमें 30 करोड़ की लागत से बागोड़ एनीकट का निर्माण, नरहरपुर में 132 केवी विद्युत सब स्टेशन स्थापना हेतु 30 करोड़, नरहरपुर में मावा मोदोल लाइब्रेरी के लिए 20 लाख रुपए, ग्राम ढोढ़रापहार में गोंडवाना सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए, नरहरपुर में मोबाइल टॉवर की स्थापना, नरहरपुर में सर्वसुविधायुक्त विश्राम गृह निर्माण के लिए 80 लाख और नरहरपुर विकासखण्ड के गोंडवाना समाज के सभी 12 मुड़ा क्षेत्र में 12 टीन शेड निर्माण हेतु 10-10 लाख रुपए के मान से 01 करोड़ 20 लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा किया। इसके अलावा ग्राम धनेसरा में गोंडवाना समाज द्वारा संचालित जंगोरायतार इंग्लिश मीडियम स्कूल हेतु आवश्यक सहयोग करने की भी घोषणा भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।

## कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रदेश मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी एवं श्रीमती सुमित्रा मारकोले, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, जनपद अध्यक्ष सोमेन, उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू और समाज के प्रमुखजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री ने 75.31 करोड़ के 11 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नरहरपुर क्षेत्र के 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, जिनकी कुल लागत 75 करोड़ 31 लाख 72 हजार रुपए है। जल संसाधन विभाग कांकेर द्वारा नरहरपुर टूरी व्यपवर्तन योजना के तहत नहर का जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य हेतु (8 करोड़ 94 लाख 51 हजार रू.), पैरी नदी पर धनेसरा एनीकट निर्माण (4 करोड़ 82 लाख 54 हजार रू.), सिहारीनाला तालाब एवं नहर कार्य का जीर्णोद्धार व शूटफॉल निर्माण (3 करोड़ 84 लाख 12 हजार रू.), बागोड़ एनीकट दायीं तट पर बाढ़ नियंत्रण कार्य (4 करोड़ 31 लाख 90 हजार रू.) तथा कोचवाही नाला एनीकट निर्माण (4 करोड़ 37 लाख 33 हजार) के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा आदिवासी बालक आश्रम चरभट्ठी भवन निर्माण कार्य पर 1 करोड़ 62 लाख 76 हजार रुपएं और लोक निर्माण विभाग कांकेर द्वारा अमोड़ा-नरहरपुर मार्ग ( लंबाई 16 कि.मी.) के चौड़ीकरण कार्य पर 40 करोड़ 22 लाख 71 हजार रुपएं, भैंसमुण्डी से झलियामारी मार्ग (लंबाई 4.67 कि.मी.) पर 4 करोड़ 90 लाख 16 हजार रुपएं, नरहरपुर हाई स्कूल बिरनपुर, नावडबरी और रावस में तीनों स्कूल भवन निर्माण कार्यों पर 75.23-75.23 लाख रुपएं की लागत के निर्माण कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के लोग आगे बढ़े, सुशिक्षित बनें, इसके लिए पूरे प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईआईटी जैसी राष्ट्रव्यापी उच्च शिक्षण संस्थाएं प्रदेश में संचालित हैं, जिससे प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा मुहैय्या हो सके। इसी तरह प्रयास और एकलव्य जैसे श्रेष्ठ संस्थानों के माध्यम से लगातार सुधार के प्रयास हो रहे हैं। दिल्ली में ट्राइबल यूथ हॉस्टल संचालित हैं और प्रदेश भर में नालंदा परिसर स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सुरक्षा बलों को माओवाद के विरुद्ध अभियान में बड़ी सफलताएं मिल रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की मंशानुसार 31 मार्च 2026 तक इसके खात्मे की बात दोहराई। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से पशुपालन, मुर्गीपालन आदि रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़ने का कार्य प्रदेश ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते दो युवक पकड़े गए



**कांकेर।** नरहरपुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए दो शराबियों को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। ग्राम आंखीहर्रा जाने वाले मार्ग में 13 सितंबर को शाम करीबन सवा 6 बजें शराब का सेवन करते हुए आरोपी हल्बा चौकी अंतर्गत कोटेला निवासी 20 वर्षीय परिक्षित शोरी और कोटेला निवासी 21 वर्षीय अनिल नागे को पुलिस ने धर दबोचा। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बुजुर्ग की सर्पदंश से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चौकी दुधावा अंतर्गत चोरिया निवासी 65 वर्षीय बिंदाबाई कुंजाम को सांप ने काट लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। चोरिया निवासी 24 वर्षीय सगउ राम कुंजाम ने पुलिस को बताया कि मृतिका को 12 सितंबर की रात 10 बजें जहरीला सांप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जहर खाने से युवक की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 50 निवासी सुजन मंडल ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी 3 अगस्त को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने जहर खाया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल मे भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। युवक ने जहर क्यो खाया था यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। गोण्डाहूर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## ओटेकसा में एक महीने से लो-वोल्टेज की समस्या, उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल




विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम ओटेकसा में पिछले एक महीने से लो-वोल्टेज की समस्या ने ग्रामीणों का जीवन मुश्किल कर दिया है, स्थानीय अमले को जानकारी दिया जा रहा है, परंतु ध्यान नहीं दे रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग के लोगों ने आँख व कान बंद कर लिए है। इसलिए मीडिया के माध्यम से प्रशासन के संज्ञान में ला रहे है, जिससे कोई पहल हो सके।

प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि लो वोल्टेज के चलते पंखा, टीवी, कूलर और बोर मशीन जैसे आवश्यक उपकरण काम नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या से न केवल घरेलू जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि खेती-किसानी और अन्य कार्य भी ठप हो गए हैं।

सरपंच निलेश बढ़ई ने बताया कि इस समस्या को लेकर विद्युत वितरण केंद्र कोड़ेकुर्से में कई बार शिकायत किया जा चुका है। अधिकारियों और मैकेनिकों से सुधार की मांग किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बिजली विभाग के लापरवाही के चलते इस क्षेत्र के लोग बेहद परेशान हो गए है। उन्होंने कहा ग्रामीणों की परेशानी को अनदेखा किया जा रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग की उदासीनता से क्षेत्र के ग्रामीण बेहद नाराज हैं। ग्रामीणों ने मांग किया है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए और विद्युत आपूर्ति को सामान्य किया जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि मीडिया के माध्यम से इस समस्या के बोर में प्रशासन के संज्ञान में ला रहे है, जिससे प्रशासन विभाग के अधिकारियों को इस समस्या के निदान के लिए निर्देशित कर सके। इसके बाद भी बिजली विभाग ने गंभीरता नहीं दिखाया तो बिजली विभाग का घेराव करते हुए आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी विभाग की ही होगी।

## खेत से मोटर पंप की चोरी अज्ञात चोर की तलाश जारी



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम इच्छापुर के किसान के खेत में सिचाई के लिए लगे मोटर पंप को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। किसान ने चोरी हुए मोटर पंप का खोजबीन किया गया, लेकिन कही पता नही चला। किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे ग्राम कोदागांव निवासी 30 वर्षीय खिलेश दर्रो पिता लोकनाथ दर्रो ने पुलिस को बताया कि मेरा मामी शशिकला उईके का इच्छापुर में कृषि भूमि खसरा क्रमांक 04 को मै काश्त करता हूं। मैं पूरी खेती की देखरेख करता हूँ। उक्त भूमि में स्थित बोरवेल में लगे मोटर पंप को 9 से 12 सितंबर के बीच कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। मोटर पंप को आसपास काफी खोजबीन किया, लेकिन कोई पता नही चला। मोटर पंप का पता तलाश करने के बाद भी पता नही चलने पर चोरी का शिकायत करने आया हूं। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

## जलने से मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 17 निवासी 20 वर्षीय संगीता विश्वास आग में जल गई थी, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका आग की चपेट में आ गई थी, जिसके कारण उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान 10 मई को मौत हो गया। गोण्डाहूर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## धान में गगई और तना छेदक का बढ़ रहा प्रकोप, किसान हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला के सभी ईलाके में इस समय धान के फसल में प्रमुख कीट तना छेदक एवं गगई की समस्या दिखाई दे रही है। पौधे में तना छेदक से नई पत्तियां मुरझा जाती है और वृद्धि वाले हिस्से मर जाते हैं। इस लक्षण को डेड हाटे कहते हैं। बड़े पौधौ में तरूण लार्वा पत्तियों खासकर पत्ती आवरण में छोटे-छोटे छेद बनाते हैं। इसी प्रकार गगई कीट लार्वा अवस्था धान में प्रकोप करती है, जिसके कारण घाव के समान संरचना पौधा में दिखाई देती है एवं इसके कारण पत्तियां चमकीली चांदी के समान दिखाई देने लगती है। जिससे पौधा की वृद्धि रूक जाती है एवं बालियां में दाने नहीं भरते।

बदली और बारिश के कारण फसलों में आएं कीट प्रकोप के बाद अंचल के किसान बेहद परेशान हैं, क्योंकि अधिक उत्पादन का उसका सपना चकनाचूर हो रहा है। दरअसल बारिश को देखते हुए किसान खेती में पूरी मेहनत लगा दिया है और खाद टानिक और आवश्यकतानुसार कृषि दवाइयां



- कीटनाशक व पोटाश के छिड़काव से भी राहत नहीं

डालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मौसम की मिजाज से इन दिनों जिले के किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। मौसम में नमी के चलते धान की फसलों पर इन दिनों तनाछेदक नामक बीमारी लगने की आशंका है। इससे चिंतित किसान बीमारी लगने से बचाने के लिए दवा का छिड़काव कर रहे। धान की बाली का बोथ डेढ़ से दो फीट होते ही तनाछेदक अपना कहर बरपाना शुरू कर देता है। वर्तमान मौसम कीड़ों के लिए अनुकूल साबित हो रहा है, जिसने कृषकों की चिंता बढ़ा दी है। किसान खरीफ की फसल में प्रमुख रूप से धान की खेती कर रहे हैं। सावन के प्रथम पखवाड़े में पर्याप्त बारिश होने के बाद बोआई, रोपाई का काम पूरा कर चुके हैं और जैसे ही भादो में हो रही बारिश के बाद खेतों में धान की फसल लहलहाने लगी है, वैसे ही फसलों पर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### उत्पादन होगा प्रभावित

किसान ने कहा कि किट प्रकोप लगने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरीफ धान फसल पर बीमारियों की काली छाया पड़ने लगी है। कृषकों के चेहरों पर चिंता की लकीरें गहराने लगी है। हर पेड़ में तनाछेदक, गगई, जैसे कीड़े लगने सहित अनेक बीमारियां सामने आ रही है। किसान फसल बचाने दवा, पोटाश का छिड़काव कर रहे है, फिर भी राहत नहीं मिल रही। ऐसे समय में फसल में लगी बीमारी किसानों की नींद उड़ा रहीं है। कीटनाशक छिड़काव के बाद भी राहत नहीं मिल रहा। समस्या जस की तस बनी हुई है। यही हाल रहा तो बालियां कम आएगी और उत्पादन प्रभावित होगा।

अभियान के दौरान नीम, आम, सागौन, कटहल और महुआ के पौधे लगाए

## कुदालनाला जलग्रहण क्षेत्र में बीएसएफ ने रोपे 800 पौधे, सुरक्षा एवं पर्यावरण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- बीएसएफ ने अब तक स्थानीय समुदाय के सहयोग से इस वर्ष 5,000 से अधिक पौधे लगाए हैं

कांकेर जिले में बीएसएफ 15 सालों से सुरक्षा दे रही है और माओवाद से प्रभावित ईलाके अब आबाद हो रहे है। बीएसएफ सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण को बचाने और पर्यावरण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सीओबी कुरेनार में तैनात 94 बटालियन के जवानों ने कदालनाला जलग्रहण क्षेत्र में ग्रामीणों और अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर एक दिन में 800 पौधों का रोपण किया। सीओबी कुरेनार 94 बटालियन बीएसएफ के जवानों ने कुदालनाला जलग्रहण क्षेत्र ग्राम कुरेनार में सामुदायिक वृक्षारोपण अभियान 2025 का आयोजन किया। आयोजन का शुभारंभ के दौरान कंपनी कमांडर सत्येंद्र मोहन ने कहा कि यह पहल भारत सरकार के हरित आवरण बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण से क्षेत्र में मृदा संरक्षण और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती मिलेगी। बीएसएफ ने अब तक स्थानीय समुदाय के सहयोग से इस वर्ष 5,000 से अधिक पौधे लगाए हैं। इस अभियान ने सुरक्षा बल और ग्रामीणों के बीच सहयोग व सामूहिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजित इस अभियान का नेतृत्व कंपनी कमांडर ने लगभग 50 बीएसएफ कर्मियों ▶▶| शेष पेज 10 पर



## घरेलू विवाद व मारपीट से त्रस्त पत्नी ने पति के खिलाफ की थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत राजापारा वार्ड में पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पत्नी की शिकायत है कि आए दिन पति शराब पीकर घर आते है। बेटी के सामने गाली गलौज करते है। पति के व्यवहार से शरीरिक व मानसिक रूप से परेशान हो गई हूं, इसलिए मजबूरी में थाना में शिकायत करना पड़ रहा है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंची राजापारा कांकेर निवासी 48 वर्षीय भगवती जैन पति परमेश्वर जैन ने पुलिस को बताया कि पति परमेश्वर जैन आए दिन शराब पीकर घर आते है और मारपीट करते हैं। मेरे पति 13 सितंबर को रात साढ़े 8 बजें शराब पीकर घर आए और मुझे घरेलू बातों को लेकर गाली देने लगे। मैने पति से कहा कि घर में बेटी है और तुम गाली गलौच कर रहे हो। ऐसा बोलने पर मेरे पति मुझे जान से मार दूंगा बोलकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे गाल में दर्द हो रहा है। उसके बाद 14 सितंबर को सुबह मेरे पति घर का ताला तोड़कर दूसरा ताला घर में लगा दिए है और घर में रखे गमलों को भी तोड़ फोड़ कर दिया और जमकर विवाद किया। घटना को देखकर पड़ोसी बीच-बचाव करने ▶▶| शेष पेज 10 पर



- पीड़ित पत्नी की शारीरिक व मानसिक दशा बिगड़ी

# जिला अस्पताल की लापरवाही से हुई मासूम गंगा की मौत

## आपरेशन करने लगाया था इंजेक्शन, फिर नहीं आया होश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

परिजनों ने बताया ऑपरेशन करने लगाया था बेहोशी का इंजेक्शन, इसके बाद कई दिनों तक होश ही नहीं आया, और फिर हो गई मौत। एक और बच्ची ,जिसे करंट लगा था उसकी भी इलाज में लापरवाही से हुई मौत। कांग्रेस प्रेसवार्ता में सवाल उठाते हुए कहा कि सुशासन के दावों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल गई है। स्थानीय जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 7 वर्षीय बच्ची गंगा नेताम की मौत हो गई। प्रेसवार्ता में कांग्रेस ने इस घटना को अस्पताल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही बताते हुए सरकार की संवेदनहीनता पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जिले में स्वास्थ्य सेवाएं दिनों–दिन बदतर होती जा रही हैं। अस्पतालों की अव्यवस्था और प्रबंधन की अनदेखी के चलते मासूम बच्चों की जान जा रही है, जो सीधे–सीधे शासन की विफलता को दर्शाता है। मृतक बच्ची गंगा नेताम के परिजनों को 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। संबंधित डॉक्टरों और जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। अस्पताल व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। कांग्रेस ने भाजपा सरकार से तीखे सवाल किए क्या मासूमों की जान इतनी सस्ती है कि सिर्फ निलंबन से सरकार अपने दायित्व से मुक्त हो जाएगी। स्वास्थ्य और पोषण जैसी बुनियादी सुविधाओं में हो रही लापरवाही की जिम्मेदारी कौन लेगा।



### कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

जिला कांग्रेस कमेटी ने साफ कहा कि यदि जल्द ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा। यह राजनीति का मुद्दा नहीं है, बल्कि मासूमों के जीवन और पीड़ित परिवारों के न्याय की लड़ाई है। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, जिला उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रभारी महामंत्री रितेश पटेल, गीतेश गांधी, नंदू दीवान, रविन्द्र दीवान, गीतेश बघेल, बुधराम मरकाम सहित कई नेता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

**केशकाल।** भातीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना बैंक के हितग्राहियों खास तौर पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। स्टेट बैंक के खाताधारक नोहर सिंह ध्रुव उम्र 32 वर्ष की बीते दिनों सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। चूंकि उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की पॉलिसी ले रखी थी। ऐसे में उनके निधन पश्चात स्टेट बैंक के अधिकारियों के द्वारा मृतक के पिता ननकराम ध्रुव को बैंक बुलाकर उन्हें 2 लाख का चेक प्रदान किया गया। इस सम्बंध में भारतीय स्टेट बैंक केशकाल के शाखा प्रबंधक जीवन हेमब्रम ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सरकार द्वारा प्रायोजित एक वार्षिक जीवन बीमा योजना है, जो पॉलिसीधारक की मृत्यु पर परिवार को 2 लाख का बीमा कवर प्रदान करती है। इस योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक की शाखा केशकाल के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 12 एवं 2025-26 में 4 हितग्राहियों के निधन पर उनके परिजनों नॉमिनी को 2 लाख प्रति हितग्राही को बीमा कवर की राशि प्रदान की जा चुकी है।

### संकुल समन्वयक धरम देवांगन ने जन्म दिवस पर कराया न्योता भोज



**कोण्डागांव।** कोंडागांव विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बुनागाँव के जनपद प्राथमिक उच्च प्राथमिक शाला में संकुल समन्वयक धरम देवांगन ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर विशेष न्योता भोजन का आयोजन किया। इस अवसर पर ग्राम बुनागाँव के जनप्रतिनिधि सरपंच छबी लाल नेताम, उपसरपंच लखेश्वर नेताम, पंच पप्पू नेताम, चौन सिंह नेताम, सावित्री कोर्राम, पीलू नेताम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बच्चों और शिक्षकों ने भी इस विशेष भोजन का आनंद उठाया। ग्राम सरपंच छबी लाल नेताम ने धरम देवांगन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में स्कूल के प्रति उत्साह बढ़ता है और अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी मजबूत होती है। धरम देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी पहल न्योता भोजन विद्यालय और समुदाय के बीच भागीदारी सुनिश्चित करने का एक उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे विभिन्न अवसरों पर स्वेच्छा से न्योता भोजन करवाकर बच्चों के मनोबल को बढ़ाएं। आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत अमरूद का पौधा भी लगाया गया। कार्यक्रम में शाला की शिक्षिका शकुंतला यादव, रुपेश कल्लो, प्रदीप नाग, मोनिका साहू और सूरज नेताम ने सहयोग करते हुए आयोजन को सफल बनाया।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला

# गुण्डाधुर महाविद्यालय में तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- प्राचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ आयोजन

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में 10 से 12 सितम्बर तक रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरला आत्रम के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे, प्राध्यापकगण, छात्र–छात्राएं एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

10 सितम्बर को कार्यक्रम का शुभारंभ पुस्तक मेले से हुआ, जहाँ छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं और छत्तीसगढ़ से संबंधित पुस्तकों का अध्ययन करने का अवसर मिला। इसी दिन महाविद्यालय परिसर में भाषण, निबंध, वाद–विवाद, नारा लेखन और रंगोली प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। उत्साहित विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 11 सितम्बर को रजत जयंती मुख्य समारोह और एलुमनी मीट का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मुख्य वक्ता बलिराम नेताम जनजाति सुरक्षा मंच सहसंयोजक, छत्तीसगढ़ प्रांत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र–छात्राएँ जैसे बलराम यादव, दीपक जैन, तिलक दास, हरेन्द्र नाग, आदित्य ठाकुर, देवल, मुकेश, देवेंद्र, गायत्री, अजीत आदि शामिल हुए। मुख्य वक्ता बलिराम नेताम ने विकसित भारत 2047 विषय पर विचार प्रस्तुत किए। वहीं एलुमनी मीट में पूर्व छात्रें ने महाविद्यालय की प्रगति के लिए अपने सुझाव साझा किए। 12 सितम्बर को अंतिम दिन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नेतृत्व में गोदग्राम केरावाही में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच बलिराम नेताम एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री समलेश पोटाई की उपस्थिति में अखंड भारत और विकसित भारत 2047 विषय पर जागरूकता कार्यक्रम व रैली निकाली गई।



### ग्रामीणों व छात्रों की सक्रिय भागीदारी

इस रैली और कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें ग्रामवासी, स्कूली बच्चे और महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं शामिल रहे। ग्रामवासियों को राष्ट्र निर्माण और एकता के लक्ष्यों से जोड़ने का संदेश दिया गया।

# जर्जर सड़क में बाइक से गिरी महिला, ट्रक ने कुचला हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

- अस्पताल में भर्ती बेटी के लिए खाना लेकर जा रही थी महिला

इन दिनों नगर सहित क्षेत्र की सड़कें बहुत ही ज्यादा जर्जर हो गई है, जिसके चलते प्रतिदिन हादसा हो रहा है। रविवार को सुबह करीब 10 बजे जर्जर सड़क के चलते एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। विश्रामपुरी चौक के पास बाइक में पीछे बैठी महिला अचानक गिर गई। पीछे से आ रही ट्रक ने महिला के हाथ को बुरी तरह कुचल दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोहकामेटा निवासी महिला लछनतीन नेताम अपने भांजा के साथ केशकाल अस्पताल में भर्ती अपने बेटी के लिए खाना छोड़ने जा रही थी। तभी विश्रामपुरी चौक के पास जर्जर सड़क के कारण बाइक से महिला अचानक गिर गई। तभी पिछले से आ रही तेज रफ्तार ट्रक महिला के हाथ को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। जिससे महिला की बाया हाथ बुरी तरह कुचला गया। महिला अपने बेटी के लिए जो खाना ले जा रही थी, वह सड़क में बिखर गया। आसपास उपस्थित लोगों ने तत्काल निजी वाहन से उसे केशकाल अस्पताल पहुँचाया, जहां पर डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद कोंडागांव रेफर किया गया । वहीं घटना की जानकारी लगते ही केशकाल पुलिस भी मौके पर पहुंचकर ट्रक को थाने में खड़े करवाया गया है और आगे की जांच कर रही है ।



### रोज हो रहे हादसा

सड़क की हालत इतनी जर्जर है कि प्रतिदिन दुर्घटना हो रही है। इसकी पूरी जिम्मेदार संबंधित विभाग है। सड़क कई महीनो से जर्जर होने के बावजूद विभाग गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही है। समय रहते सड़क को नहीं बनवाया गया तो आने वाले समय में और बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में केमिकल सोसायटी का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- विज्ञान के व्यावहारिक उपयोग पर केंद्रित होंगी वर्षभर गतिविधियां

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के रसायन शास्त्र विभाग के अंतर्गत शुक्रवार को केमिकल सोसायटी का औपचारिक गठन किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. अलका शुक्ला, संरक्षक नसीर अहमद सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याता नीता नेताम की उपस्थिति रही। अध्यक्ष श्वेता सिंह एमएससी रसायन तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष त्रिलोचन पटेल, सचिव कांक्षी साहू एमएससी रसायन प्रथम सेमेस्टर, सहसचिव आदित्य सिंह कुशवाहा, कोषाध्यक्ष रोशनी मरकाम, विज्ञान दिवसों से लेकर छात्र व्याख्यान तक डॉ. अलका शुक्ला ने बताया कि सोसायटी द्वारा सालभर रसायन शास्त्र की दैनिक जीवन में उपयोगिता पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें ओजोन दिवस, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, हर शनिवार एमएससी छात्रें द्वारा पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन, तथा हाई स्कूल और हायर सेकंडरी छात्रें को प्रायोगिक पक्ष की जानकारी देना शामिल होगा।

### आगामी गतिविधियों की रूपरेखा

संरक्षक नसीर अहमद ने बताया कि इस सत्र में सोसायटी जिला मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, जल परीक्षण प्रयोगशाला का भ्रमण, शैक्षणिक भ्रमण और विभिन्न विशेष दिवसों के आयोजन की रूपरेखा पर काम करेगी। कार्यक्रम का संचालन मानसी ठाकुर ने किया एवं आभार प्रदर्शन नीता नेताम द्वारा किया गया।

### छात्र–छात्राओं की रही उपस्थिति

इस अवसर पर एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र–छात्राएं, जिनमें अहिल्या मरकाम, दावेंद्री पटेल, देवेश सिन्हा, धनेश्वरी, डिम्पल पटेल, ज्योति वट्टी, काजल पटेल, मल्लिका महावीर, मोनिका नेताम, नमन सेन, निकिता यादव, प्रिया मंडावी, विवेक पटेल, अंजू नाग, चाहत मिश्रा, वंदना मरकाम, तरुण सेठिया, अभिषेक पांडेय, यामिनी पाणिग्राही, प्रतिभा पोयाम, गीता, साक्षी आदि शामिल रहे। साथ ही प्रयोगशाला तकनीशियन सी.एल. धनेलिया और परिचारक विनोद कश्यप की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

# बिटिया के जन्मदिन पर हुआ न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- छात्रा कोकिला पांडे के पालकों ने कराया विशेष आयोजन

कोंडागांव विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र कमेला के हाई स्कूल एवं उच्च प्राथमिक शाला परिसर में 11 सितंबर को विशेष न्यौता भोज का आयोजन किया गया। अवसर था कक्षा 8वीं में अध्ययनरत बालिका कु. कोकिला पांडे के जन्मदिन का। पालकों ने शाला के सभी छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं स्व–सहायता समूह के सदस्यों को आमंत्रित कर खीर, पूरी, दाल, चावल और सब्जी परोसी। बच्चों ने पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ इस भोज का आनंद लिया। आयोजन में संकुल प्राचार्य तिलक मंडावी की देखरेख एवं संकुल समन्वयक गौतम राम पांडे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान होरी लाल चंद्रवंशी, टिकेश्वर प्रसाद साहू, मदन कोर्राम, अमृत देवांगन, बीरेंद्र ठाकुर, दीपक, अविनाश बनर्जी, तुलसी, अरुणा सिन्हा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।बालिका के जन्मदिन अवसर पर पालक फड़ींद्र पांडे, साधना पांडे, हरीश पांडे, लालकृष्ण पांडे, लीना पांडे, डालेश्वरी पांडे सहित पूरे परिवार ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया।



### विद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएं

समस्त शिक्षक, कर्मचारी, छात्र–छात्राएँ और पालकगण उपस्थित रहे तथा सभी ने बालिका कोकिला पांडे को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- उत्तर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं की अटल सदन में बैठक

भाजपा के उत्तर मंडल की अटल सदन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि 17 सितम्बर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक विभिन्न सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। बैठक में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रभारी मनोज जैन, उत्तर मंडल प्रभारी जितेंद्र सुराना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, मंडल अध्यक्ष धन्जू मरकाम, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मनोज जैन ने बताया कि हम सबको सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान, माँ के नाम पौधरोपण अभियान, सांसद खेल महोत्सव और स्वच्छता जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की सेवा करनी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सेवा पखवाड़ा को प्रभावी बनाने के लिए एक दिवसीय मंडल स्तरीय कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी।

### कार्यकर्ताओं की रही सक्रिय भागीदारी

बैठक में दिलीप दिवान, मीनू कोर्राम, महेंद्र पांडे, मोती पांडे, महेंद्र नेताम, कुंती नेताम, कमला साहू, आसमान नेताम, जगन्नाथ मानिकपुरी, हीरा नेताम, नरेंद्र, अमिताभ विश्वकर्मा, राज बिहारी, लक्की यादव, मेंशन नेताम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से भुनेश का घर हुआ रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 78 हजार की सब्सिडी से हुआ सपना साकार

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रें में लोगों के जीवन को रोशन कर रही है। यह योजना हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। कोंडागांव जिले के शामपुर गांव के निवासी भुनेश देवांगन ने इस योजना का लाभ उठाकर अपने घर को सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भर बना लिया है।

भुनेश देवांगन ने बताया कि उन्हें स्थानीय बिजली विभाग से इस योजना की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप पैनल लगवाया। सोलर प्लांट लगाने के 15 दिन बाद ही उन्हें केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली 78,000 की सब्सिडी भी मिल गई। श्री देवांगन को पहले हर महीने लगभग 3,000 से 3,500 का बिजली बिल चुकाना पड़ता था, लेकिन अब उनका बिल शून्य हो गया है। इसके अलावा, सोलर पैनल से अतिरिक्त बिजली भी पैदा हो रही है, जिसे ग्रिड में भेजा जा रहा है, जिससे उन्हें भविष्य में और कमाई होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से उनकी लो–वोल्टेज की समस्या भी खत्म हो गई है।



### सब्सिडी और ऋण की सुविधा उपलब्ध

*प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत, सरकार उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी देती है। 1 किलोवाट 65,000 की लागत पर केंद्र से 30,000 और राज्य से 15,000 की सब्सिडी। 2 किलोवाट 1.30 लाख की लागत पर 60,000 की सब्सिडी। 3 किलोवाट या अधिक 1.95 लाख की लागत पर केंद्र से 78,000 और राज्य से 30,000 की सब्सिडी। इस योजना में लाभार्थियों के लिए ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए, जिले के उपभोक्ता वेब पोर्टल या पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप पर पंजीकरण कर सकते हैं।*

# बोरगांव में शिक्षकों का भावपूर्ण विदाई समारोह



**कोण्डागांव।** जनपद प्राथमिक शाला बोरगांव एवं प्राथमिक शाला मयूरडोंगर में पदस्थ रहे शिक्षक अनिल कुमार बघेल पूर्व सहायक शिक्षक एवं मानरू कश्यप संकुल मयूरडोंगर के सम्मान में दिनांक 12 सितंबर 2025 को एक भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बोरगांव के सरपंच, पटेल और गायता सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विशेष रूप से संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, प्रा. शा. बोरपारा से ललित कुमार साहू, प्रा. शा. बोरगांव से श्रीमती पदमनी मरकाम और खेमेश्वर पटेल, उ. प्रा. शा. बोरगांव से प्रधान अध्यापक आनन्द साहा, इंद्र कुमार नाग, कपूर चंद देवांगन, रामसिंह नाग, मुकेश मरई आदि गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत लगी एक दिवसीय कार्यशाला



**कोण्डागांव।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आज बुनागाँव ग्राम पंचायत में एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रोसेस लैब में 13 गाँवों के लगभग 120 से अधिक आदि साथी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी राधेश्याम साहू की अध्यक्षता और अनुविभागीय अधिकारी उत्तम महोबिया की उपस्थिति में हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग की डॉ. जयंती कश्यप और पिरामल फाउंडेशन की यासमीन मेमन ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिभागियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिपावंड में हुआ भव्य आयोजन

# केंद्र चिपावंड में नवपदस्थ प्राचार्य एवं शिक्षकों का स्वागत समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिपावंड में श्रीमती एस. सोनपिपरे ने प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर संकुल केंद्र चिपावंड में नव पदस्थ प्राचार्य, युक्तियुक्तकरण के तहत पदस्थ तथा नए शिक्षकों का सामूहिक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। अपने प्रथम उद्बोधन में प्राचार्या श्रीमती एस. सोनपिपरे ने कहा हम सबको समर्पण और टीम भावना के साथ कार्य करना है। अनुशासन में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और विद्यालय की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने का प्रयास करेंगे।



नवीन पदभार ग्रहण करने वाले शिक्षकों का स्वागत पुष्पगुच्छ, तिलक एवं उपहार देकर किया गया। इनमें प्रमुख रूप से गीता कोसरे, संतरीन कैवर्त, शैलेष साहू, हेमचंद देवांगन, मोतीलाल यादव, हिमांशु वर्मा, रितेश बारिक, आलोक मेश्राम, प्रकाश देवांगन, सुरेश देवांगन संकुल समन्वयक, सुदन राम बघेल, श्रीमती संतोषी गोटी, श्रीमती राजकुमारी चतुर्वेदी, श्रीमती सावित्री कोर्राम, श्रीमती शैलो पटेल, श्रीमती मिनी विश्वास सहित संकुल के सभी शिक्षक–शिक्षिकाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### टीम भावना से करेंगे कार्य

संकुल केंद्र चिपावंड का यह आयोजन सहयोग और सौहार्द की मिसाल बना। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे मिलजुलकर विद्यालय और संकुल को नई दिशा देंगे।

## पेज 9 के शेष

### नई उद्योग नीति...

सरकार कर रही है। साथ ही तेंदूपत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक में वृद्धि, चरणपादुका वितरण, रामलला दर्शन योजना सहित ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता और सुगमता लाने अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार की पीएम जनमन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से आदिवासियों के सतत एवं समग्र विकास को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि की आसंदी से झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा ने कहा कि यह हमारे उत्सव का कार्यक्रम है। जल, जंगल, जमीन और अपनी परंपराओं, लोकनृत्य, गीत, मांदर व मृदंग के साथ जीने वाले आदिवासियों की अपनी पृथक पहचान है। उन्हें अपनी जड़ें मजबूत करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और अधिकारों के प्रति सजग होने नितांत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने नशे से दूर रहने की सलाह भी उपस्थित लोगों को दी। कार्यक्रम को सांसद भोजराज नाग, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित गोंडवाना समाज के सम्भागीय अध्यक्ष सुमेरसिंह नाग एवं जिला अध्यक्ष राजेश भास्कर तथा राजाराम तोड़ेम ने भी संबोधित किया।

### धान में गगई...

तनाछेदक नामक कीट का प्रकोप लगने की आशंका है। मौसम के मिजाज एवं फसलों पर इन दिनों तनाछेदक बीमारियों के होने के संभावना के चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

### कुदालनाला जलग्रहण...

के साथ किया। पौधारोपण से पूर्व उपयुक्त स्थलों का सर्वेक्षण किया गया था। आयोजित सामुदायिक वृक्षारोपण अभियान के दौरान नीम, आम, सागौन, कटहल और महुआ सहित 800 पौधों का रोपण किया गया। । सभी प्रतिभागियों ने पौधों की देखभाल और संरक्षण करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर सरपंच, पटेल, मुखिया, बीएलओ, शिक्षक, वन विभाग के अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं और ग्रामीण शामिल हुए। पौधारोपण में शामिल ग्रामीणों ने कहा कि यह बहुत ही बेहतर कार्यक्रम हुआ और हम लोगों ने इन पौधों को बचाने की जिम्मेदारी भी लिया है।

### घरेलू विवाद व...

के लिए आए। मेरे पति के द्वारा शराब पीकर मारपीट करने से मैं शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान हूं। उनके द्वारा जब नहीं तब इस तरह की प्रताड़ना दिया जा रहा है, जिससे मैं अब परेशान हो चुकी हूँ। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी परमेश्वर जैन के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

**खबर संक्षेप**

### रथ निर्माण के लिए काटे गए पेड़ के एवज में 5 गुना पौधे रोपे जाएं



**जगदलपुर।** बस्तर दशहरा में रथ निर्माण के लिए 600 वर्षो से अधिक समय से जंगल से लकड़ी काटे जाते रहे हैं जिसको लेकर इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने शासन प्रशासन से 4 वर्ष पूर्व मांग की थी की जितने पेड़ो की कटाई होती हैं,उसके एवज में 5 गुना पौधे लगाये जाने चाहिए। पिछले 3 वर्षो से क्षतिपूर्ति पौधरोपण किया भी जा रहा किन्तु ये महज खाना पूर्ति है। कटाई के बाद खाली जगह पर जिम्मेदारी से रथ में लगने वाली प्रजाति के पौधे लगाकर देखभाल के साथ जंगल भी सुरक्षित रहेगा।

### कोलकाता के विधायक ने सेंटर में महिला प्रशिक्षण को सराहा



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के प्रवास के दौरान कोलकाता विधानसभा के सदस्य अमरनाथ शाखा अंजू सिलाई सेंटर में होने वाले प्रशिक्षण, महिलाओं के उत्थान के लिए हो रहे कार्य तथा सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सेंटर एक ऐसी संस्था है जिसमें महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिला मोर्चा की सदस्य अनीता श्रीवास्तव, मीना साहू, जयराम, काजल साव, कविता उपस्थित रहें।

### टमाटर 25 रूपए किलो में बिका



**जगदलपुर।** मौसम खुला होने से साप्ताहिक बाजार में रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ रही। इस रविवार को बाजार में टमाटर 25, करेला 60, फूलगोभी 80, पत्तागोभी 40, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 10 जूड़ी बिक रहा है।

### केंद्रीय राज्यमंत्री और सांसद का हुआ आत्मीय स्वागत



**गीदम।** जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में केंद्रीय आवास एवं शहरी राज्यमंत्री तोखन साहू और बस्तर सांसद महेश कश्यप का आगमन हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी और भाजपा के प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। हारम चौक के यशवंत ऑटो में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नंदलाल मुड़ामी, वरिष्ठ नेता अभिमन्यु सोनी, पुतान सिंह, श्याम सिंह ठाकुर और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का हृदय से स्वागत किया। इस अवसर पर विनोद साहू, मनीष सुराना, अजय अवस्थी, अनीश, मनीष साहू, संतोष साहू भी उपस्थित रहे और अतिथियों का अभिनंदन किया।

# पीड़ित लोगों को घर बनाने 5 लाख नहीं मिल रहा, लेकिन पूंजीपतियों को 45 प्रतिशत की सब्सिडी : चांद

**खास बातें**

- बस्तर में होटल व्यवसाय को उद्योग का दर्जा देकर 45 प्रतिशत सब्सिडी
- बस्तर मुक्ति मोर्चा हाईकोर्ट में लगाएगी जनहित याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने जारी बयान में कहा है कि गरीब लोगों को घर बनाने 5 लाख नहीं मिल रहा है। परंतु पर्यटन की आड़ में होटल व्यवसाय को उद्योग का दर्जा देकर जनता के पैसे को सब्सिडी बना रेवड़ी की तरह बांटना उचित नहीं है । सरकार इस पर पुनर्विचार कर संशोधन करें। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। सरकार हमारी बातों को नहीं मानती है तो मुक्ति मोर्चा इस विषय में हाई कोर्ट में जनहित याचिका लगाने विवश होग।

होटल व्यवसाय पर 45 प्रतिशत सब्सिडी स्थानीय लोगों को रोजगार देने के नाम पर व्यवसायियों को सब्सिडी देने के फैसले को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मोर्चा के नेता ने कहा है यह बस्तर के सेठ धनपतियों के कर्ज को माफ करने का नया तरीका है। इस तरह से 45 प्रतिशत सब्सिडी का मतलब बैंक का आधा कर्ज माफ कर सीधे-सीधे पूंजीपतियों को लाभ दिलाना है । बस्तर में होटल के बड़े व्यवसायियों को सीधे तौर पर फायदा पहुंचाने की योजना है।

## कितने गरीबों को फायदा होगा सरकार बताए



मुक्ति मोर्चा ने कहा कि इस योजना से कितने गरीब को और कैसे फायदा होगा इसे सरकार बताए। सरकार जानती है कि आदिवासी अंचल में एक दो प्रतिशत आदिवासी ही होटल के बड़े व्यवसाय से जुड़े हुए हैं और सरकार यह भी जानती है कि होटल व्यवसाय में उत्पन्न रोजगार में बस्तर के 30 प्रतिशत युवा ही शामिल है। बाकी सब अन्य राज्यों से आकर बस्तर में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ आपदा में जिनका सब कुछ बर्बाद हो गया है उनको सरकार के द्वारा बाढ़ आपदा अधिनियम का हवाला देकर 1 लाख 20 हजार रुपए दिया जा रहा है। वही बड़े व्यवसायियों का कर्जा मुक्त करने के लिए होटल को पर्यटन के नाम पर उद्योग का दर्जा दिया जा रहा है।

मुक्ति मोर्चा ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा बस्तर संभाग में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जो मोटल- रिजॉर्ट तैयार किए गए थे लाखों रुपए सुविधा के नाम पर खर्च किए गए। 10 से भी अधिक पर्यटन स्थल बस्तर में है परंतु यहां जाने के लिए ठीक से संकेतक भी नहीं है।

### विवि में जॉब संबंधी ट्रेनिंग एवं कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम

# स्किल सीखने एनएटीएस का अप्रैंटिस ट्रेनिंग सबसे बेहतर: उके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य स्थापना के सिल्वर जुबली ईयर के उपलक्ष्य से शुक्रवार को शहीद महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी में जॉब ओरिएंटेड ट्रेनिंग एवं कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें बोर्ड ऑफअप्रैंटिसशिप एवं प्रमुख बैंकों के एक्सपर्ट ने विवि यूटीडी के फाईनल एवं पास आउट स्टूडेंट्स को एनएटीएस अप्रेंटिसशिप एवं करियर संबंधित कई टेक्निकल बातों की जानकारी दी।

इस अवसर पर कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि किसी विषय से संबंधित सैद्धांतिक ज्ञान देने के साथ-साथ उससे जुड़े जॉब और कैरियर ओरिएंटेड जानकारी और प्रशिक्षण देना भी विवि का कार्य है। विवि की पूरी कोशिश है कि विद्यार्थियों को उनकी योग्यता,क्षमता के अनुसार उचित स्थान मिले। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि आज शिक्षा के स्तर और जॉब के रिक्वायर्ड एबिलिटी में बहुत बड़ा गैप है। इस कारण पर्याप्त नौकरी नहीं मिल पा रही है। विवि में जॉब ओरिएंटेड इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे विद्यार्थी रूचि लेकर पढ़ाई करेंगे। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए एनएटीएस(नेशनल अप्रैंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम) 2.0 का प्रशिक्षण जरूरी है। स्नातक उत्तीर्ण सभी युवाओं को एनएटीएस पोर्टल पर ऑनलाईन कर लेना चाहिए।

एसबीआई के एचआर अधिकारी टॉम अतुल डंग डंग ने कहा कि बैंक में हर तरह के जॉब के अवसर हैं। आप रीजनिंग,इंग्लिश, एप्टीट्यूड, डाटा इंटरप्रेटेशन का नियमित प्रैक्टिस कर बैंक जॉब में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। बोर्ड आफ अपैरंटिसशिप ट्रेनिंग के लायजन ऑफिसर सोनू उके ने अप्रैंटिसशिप एक्ट 1961 की जानकारी देते हुए कहा कि आईटीआई के साथ-साथ आज सारे स्नातक और डिप्लोमा उत्तीर्ण युवा अप्रैंटिसशिप प्रशिक्षण पा सकते हैं। सरकार ने अप्रैंटिसशिप इंटर्नशिप के तहत स्टायफंड के लिए कई प्रावधान किए हैं। उके ने बताया कि आज एनएटीएस पोर्टल से छत्तीसगढ़ के 110 इंडस्ट्री व कंपनी जुड़े हैं। ये इंडस्ट्री हर तरह के जॉब दे रहे हैं। इसमें बस्तर के भी दो इंडस्ट्री हैं। स्किल सीखने के लिए एनएटीएस का अप्रैंटिसशिप ट्रेनिंग सबसे बेहतर विकल्प है। किसी भी विषय के विद्यार्थी स्नातक के बाद पांच वर्ष तक किसी भी इंडस्ट्री में साल या छह महीने एनएटीएस अपैरंटिसशिप का ट्रेनिंग कर सकते हैं। श्री उके ने युवा स्टूडेंट्स को ईमेल, मोबाईल नंबर को स्थायी रखने का सुझाव दिया।



**बैंकिंग और लाइफ इंश्यूरेंस के क्षेत्र में अच्छा केरियर बना सकते : चिमनानी**

एचडीएफसी सर्किल हेड कमल कुमार चिमनानी ने कहा कि आप बैंकिंग और लाईफ इंश्योरेंस के क्षेत्र में बहुत अच्छा कैरियर बना सकते हैं। इस फील्ड में जॉब की कोई कमी नहीं है। सेल्स और मार्केटिंग के क्षेत्र में भी महिलाएं सफल हो रही हैं। अब बैंक जॉब में जेंडर में अंतर कर नहीं देखा जा रहा है। इससे पहले अपने स्वागत उद्बोधन में प्रोग्राम कोर्डिनेटर प्रो स्वपन कुमार कोले ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में संभावनाओं का द्वार खोलता है।

# अंदरूनी क्षेत्र कोयनार गांव में पहुंची आयुष की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मोबाइल मेडिकल यूनिट ने 69 ग्रामीणों का किया उपचार

राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह के अवसर पर बस्तर जिले के दरभा ब्लॉक अंतर्गत अंदरूनी क्षेत्र ग्राम पंचायत कोयनार में जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनिश साहू के मार्गदर्शन में मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंची। वहां 69 ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार किया गया। इसमें डॉ. निखिल कुमार देवांगन, फार्मेसिस्ट हिला लाल सोनबोये और पीरेन्द्र यादव शामिल रहे। बताया जा रहा है कि शिविर में विशेष तौर पर बुखार तथा उल्टी-दस्त जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव एवं उपचार संबंधी चिकित्सकीय सलाह दी जा रही है। इस दिशा में घर के समीप साफ-सफाई रखने, घर में कूलर, पुराने टायर, गमले इत्यादि में पानी जमा नहीं होने देने, मच्छरों के पनपने वाले स्त्रोतों को नष्ट करने के साथ ही सोने के दौरान मच्छरदानी का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, हैंडपंप या सोलर ड्यूल पम्प के समीप संग्रहित गंदे पानी की समुचित निकासी करने सहित शुद्ध पेयजल का उपयोग और गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने और बीमारियों से पीड़ति होने पर समीपस्थ आयुष स्वास्थ्य केन्द्र अथवा औषधालय में स्वास्थ्य जांच एवं उपचार करवाने की समझाईश देकर स्वस्थ्य जीवनचर्या पर जन जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

# रजत जयंती महोत्सव पर रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- लोगों को राज्य के विकास की झलकियों से अवगत कराया गया

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 9 से 12 सितंबर तक चार दिवसीय कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य राज्य के 25 वर्षों की उपलब्धियों, विकास यात्रा और सांस्कृतिक गौरव को छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों तक पहुँचाना था। समारोह के अंतिम दिन रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालयीन परिसर से हुआ, जो छात्रावास परिसर तक पहुंचा। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की प्रगति जनता की शक्ति, रजत जयंती की गूँज विकास का स्वर जैसे प्रेरणादायी नारे लगाते हुए नागरिकों को राज्य के विकास की झलकियों से अवगत कराया। रैली के उपरांत महाविद्यालयीन परिसर में एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक में छत्तीसगढ़ राज्य की शिक्षा,स्वास्थ्य,कृषि,उद्योग, खेल, संस्कृति और स्वच्छता सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई ऐतिहासिक उपलब्धियों को जीवंत रूप से प्रदर्शित किया गया।

चार दिवसीय इस महोत्सव के दौरान क्विज़ प्रतियोगिता, भाषण एवं समूह चर्चा प्रतियोगिता, सेमिनार,वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं,जिनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य संयोजक तूनिर खेलकर के साथ निम्नलिखित सदस्यगण का विशेष योगदान रहा। इस पूरे आयोजन में नरेन्द्र कुमार साहू,किशन मरावी, दीवकान्ति निषाद, होलेश साहू, दुर्गेश कुमार देवांगन, अजय सिंह ठाकुर, निवेदिता कुइरि का योगदान रहा।

# कन्या पॉलीटेक्निक में वार्षिक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक में रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक उन्मुखीकरण सह संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। प्राचार्य एसके त्रिवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ सविता देवांगन का गुलाब के पौधे से स्वागत से हुआ जो इस कार्यक्रम की विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थी। जिसके बाद रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी सुषमा देवांगन ने छात्राओं को क्लब के महत्व और गतिविधियों की जानकारी दी। डॉ सविता देवांगन ने अपने संबोधन में मानव इम्युनो डिफिशिएंसी विषाणु (एचआईवी) तथा एड्स के कारण,लक्षण, बचाव एवं उपचार पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सही जानकारी और सतर्कता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे सशक्त माध्यम है। साथ ही,उन्होंने छात्राओं को रक्तदान के महत्व और उसके लाभों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज में फैली भ्रांतियों और मिथकों को दूर करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता एंजलिन मैथ्यू द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी सुषमा देवांगन द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिन से आरम्भ होगा सेवा पखवाड़ा : पाण्डेय





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जगदलपुर पश्चिम व पूर्वी नगर मण्डल की कार्यशाला हुई

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर से सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आरंभ करेगा। जिसकी तैयारियों जिले के सभी तेरह मण्डलों में कार्यशाला आयोजित कर हो रही है। जिला कार्यालय में जगदलपुर पूर्वी मण्डल और पश्चिम मण्डल की कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को समर्पण भाव से सेवा पखवाड़ा में सक्रियता से कार्य करने कहा गया है। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से आरम्भ होकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जायेगा। सभी कार्यकतार्ओं को अपना योगदान सुनिश्चित करना है।

प्रदेश कार्य समिति सदस्य विद्याशरण तिवारी ने कहा कि सभी कार्यक्रमों को जनता के बीच पहुंच कर कार्यरूप देना है। बूथ स्तर तक कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन किया जाना है। पूर्व जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी ने कहा कि स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधरोपण, संगोष्ठी आदि कार्यक्रमों की रुपरेखा बनी है। महापौर संजय पाण्डेय ने कहा कि शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, बूथ अध्यक्ष, सचिव, बूथ स्तर के एक एक कार्यकर्ता कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक पूरा करें। आमजन का सहयोग लेकर जोड़ने का प्रयास करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश झा व अविनाश श्रीवास्तव ने की। संचालन दिगम्बर राव, संजय चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन विक्रम सिंह यादव, शशिनाथ पाठक ने किया। कार्यक्रम में विधान चंद्रकर, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, आनंद मोहन मिश्रा,सफीरा साहू, दीप्ति पाण्डेय, ललिता बघेल, गोदावरी साहू, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र बाजपेयी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### पीएम श्री तेजस में मनाया गया हिन्दी दिवस

**जगदलपुर।** पीएम श्री तेजस लोहंडीगुड़ा में समृद्ध संस्कृति एवं समृद्ध भाषा हिंदी का गुणगान करते हुए हिंदी दिवस मनाया गया। कक्षा प्रथम से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। जिनमें प्राइमरी के विद्यार्थियों ने चार्ट प्रतियोगिता एवं कविता वाचन तथा मिडिल के विद्यार्थियों द्वारा भाषण एवं कविता का वाचन तथा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों द्वारा निबंध एवं हिंदी व्याकरण से संबंधित जानकारियां प्रस्तुत की गई। समस्त कार्यक्रम कल्चरल इंचार्ज अंकित मजूमदार,व्याख्याता रमेश मिश्रा ,निशा द्विवेदी , शिक्षिका संगीता पांडे तथा श्रद्धा तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य अशोक खापर्डे ने कहा हम सबका अभिमान है हिंदी,भारत देश की शान है हिंदी कविता के द्वारा हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताया।

# 14वें वित्त आयोग की राशि का हो रहा दुरूपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- जिला पंचायत बस्तर के अधिकारी को सौंपा ज्ञापन
- 2 दिन में जांच दल गठित करने का मिला आश्वासन

युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप एवं कार्यकतार्ओं ने आज जिला पंचायत बस्तर के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि पंचायत स्तर पर 14वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि का पारदर्शी और नियमानुसार उपयोग नहीं हो रहा है। कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों हेतु प्राप्त राशि का खर्च मनमाने ढंग से किया जा रहा है।

साथ ही अनेक पंचायतों में ग्राम सभाओं को केवल कागजी खानापूर्ति बनाकर रखा गया है। वास्तविक ग्रामवासियों की भागीदारी के बिना ही कार्ययोजना एवं राशि खर्च का निर्णय दस्तावेजों तक सीमित रह गया है। यह स्थिति लोकतांत्रिक प्रक्रिया और पारदर्शिता दोनों को आघात पहुंचाती है।

14वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग की जांच की जाए, ग्राम सभाओं में ग्रामवासियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, कागजी ग्राम सभाओं एवं फर्जी हस्ताक्षरों पर रोक लगाने ,दोषी सरपंचों एवं अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई।

जिला पंचायत अधीक्षक व्ही.आर. सिन्हा ने आश्वासन दिया कि 2 दिनों के भीतर जांच कमेटी गठित कर मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन करने बाध्य होंगे।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप, जिला सचिव विजय भारती, कृष्णा उपाध्याय, समीर कुरैशी, एकादशी बघेल एवं रामचंद्र बघेल उपस्थित रहे।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया का बस्तर बस स्टैंड में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उनके प्रथम आगमन युवाओं में उत्साह देखा गया। बस्तर आगमन पर आतिशबाजी के साथ गजमाला, पहनाकर युवाओं ने भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद वे लगातार विभिन्न जिलों में पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा में नए उत्साह का संचार हुआ है। भाजपा युवा मोर्चा एक ऐसा संगठन है जो हमेशा संगठन के हर कार्य को तत्परता से करता है। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भारत-पाक क्रिकेट का शिवसेना ने किया विरोध

**भानुप्रतापपुर।** शिवसेना ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा पाकिस्तान के साथ आयोजित क्रिकेट मैच के खिलाफ प्रदर्शन किया। मेंन चौक पर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने बीसीसीआई का पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व शिवसेना के स्थानीय नेता चंद्रमौली मिश्रा ने किया। शिवसेना ने इस विरोध का कारण पाकिस्तान द्वारा भारत में आतंकवादी गतिविधियां चलाना और पहलगाम जैसे हमलों में निर्दोष नागरिकों की हत्या को बताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा जो देश हमारे नागरिकों को मार रहा है। हमारे माता-बहनों का सिंदूर उजाड़ रहा है, उसके साथ क्रिकेट खेलना देशद्रोह है।

### उड़कुड़ा के प्रधान पाठक को किया गया निलंबित

**चारामा।** विकासखंड चारामा के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उड़कुड़ा के प्रधान पाठक को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जगदलपुर ने विगत 29 अगस्त को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में रामाधीन साहू को बीजापुर जिला के उसूर आवापल्ली में पदस्थ किया गया है। पिछले वर्ष ग्रामीणों द्वारा उक्त शिक्षक के खिलाफ जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत किया गया था। शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर करवाई गई थी। विद्यालय के सभी शिक्षकों, बच्चों, रसोईयों एवं शिकायतकर्ता ग्रामीणों, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सदस्यों का कलमबद्ध बयान लिया गया था, जिसमें सभी ने उक्त शिक्षक के विरोध में बयान दिया था।

### हानपतरी में 20 को डीजे डांस स्पर्धा

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम हानपतरी में जेबीडी क्रिकेट क्लब द्वारा डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शनिवार 20 सितम्बर की शाम 7 बजे से टांगरा मुदिया खेल मैदान हानपतरी में होगा। इस प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य, युगल नृत्य व एकल नृत्य की प्रतिस्पर्धा होगी। विजेताओं को समिति द्वारा आकर्षक नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। सामूहिक नृत्य में क्रमशः 4001, 2001 और 1001 रूपएं, युगल नृत्य में क्रमशः 2501,1601 और तृतीय पुरस्कार 851 रूपएं और एकल नृत्य में क्रमशः 1501, 1001 और 501 रूपएं पुरूस्कार नगद दिया जाएगा। कार्यक्रम में उद्घोषक रिंकू साहू व किरण सोम रहेंगे। दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए चावड़ी के कलाकार, मोहपुर के लकेश, कुमार, सीजी मास्टर के व ईक्कू जैसे कलाकार मंच पर प्रस्तुति देंगे।

### वनाधिकार पत्रक के अधिकार से वंचित लोगों ने सौंपा ज्ञापन



**पखांजुर।** वनाधिकार संघर्ष मंच के नेतृत्व में परलकोट क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने का सिलसिला जारी है। वनाधिकार कानून के तहत ग्राम पंचायतों को प्रस्ताव पारित करना होता है, लेकिन पंचायतें इस मामले में पूरी तरह से उदासीन हैं। मंच के अध्यक्ष छोटेलाल टांडिया और संयोजक महेश्वर शर्मा ने बताया कि पिछले 8 महीनों से पंचायतों ने इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की है, जिसके कारण कब्जाधारी वनाधिकार पत्रक के अधिकार से वंचित हैं। इस समस्या को देखते हुए मंच के आह्वान पर डोटोमेटा पंचायत के सभी आवेदकों ने अपने हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपकर तुरंत ग्राम सभा बुलाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान जाको नेताम, सुमित्रा मंडावी, रामलो नेताम, पांचू नुरेटी, राकेश दुग्गा, मग्गे बाई मंडावी, राम बाई कोर्राम, दसरू उसेंडी, मनीष सलाम और कई अन्य आवेदक उपस्थित रहें। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र लोगों को जल्द से जल्द उनके वनाधिकार पत्रक मिल सकें।

# कोयलीबेड़ा विकासखंड में शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर, एबीईओ ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

विकासखंड कोयलीबेड़ा के नौ अलग-अलग स्कूलों का सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अमिताभ सरकार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और अन्य प्रशासनिक कार्यों का जायजा लेना था। प्राथमिक और माध्यमिक शाला लक्ष्मीपुर, निरदे, जबेली, बेलगल और कलारकुटनी का एबीईओ ने शिक्षा के स्तर को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए निरीक्षण किया। एबीईओ अमिताभ सरकार ने बच्चों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी पढ़ाई का स्तर परखा। उन्होंने बच्चों से किताबें पढ़वाईं, पहाड़े सुने, और सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल भी पूछे। बच्चों ने उनके प्रश्नों का संतोषजनक जवाब दिया, जिससे उनमें उत्साह और आत्मविश्वास दिखा। माशा कलारकुटनी और प्राशा कलारकुटनी में आयोजित बाल सभा में सरकार ने बच्चों की बौद्धिक क्षमता का आकलन करने के लिए उनसे कई सवाल किए। इसके अलावा उन्होंने शिक्षकों की डायरियां, मध्याह्न भोजन रजिस्टर, किचन गार्डन और अन्य सभी जरूरी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। उन्होंने कक्षा 8 में धातुओं और अधातुओं, कक्षा 7 में गणित, और कक्षा 6 में संस्कृत जैसे विषयों पर भी शिक्षकों से चर्चा की। निरीक्षण के बाद अमिताभ सरकार ने शिक्षकों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

**मध्यान्ह भोजन सहित अन्य कार्यों को परखा**



**गृहकार्य देने पर जोर**

शिक्षकों को नियमित रूप से शिक्षक डायरी भरने और बच्चों को गृह कार्य देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के भाषाई और गणितीय कौशल को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने स्कूल रेडीनेस का सुचारू संचालन, एफएनएल कीट के अनुसार अध्ययन-अध्यापन, और गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचकर प्रार्थना सभा में शामिल होना चाहिए और प्रेयर टुगेदर के दौरान बच्चों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछने चाहिए। सभी शिक्षकों से शासन के निर्देशों का पालन करने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए मिलकर काम करने का आव्हान किया।

**कार्रवाई:** दो दिन पहले दो हाईवा को राजस्व एवं पुलिस की टीम ने किया था जब्त

# खनिज विभाग ने अंततः चेन माउंटेन को किया सील, चालक और मालिक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खनिज विभाग ने कढ़ईखोदरा में दो दिन पहले दो हाईवा जप्त किया था, वहीं चैन माउटेंन का चालक टीम को देखकर भाग गया था। खनिज विभाग की टीम 14 फरवरी की सुबह पहुँचकर चैन माउंटेन मालिक और चालक की पतासाजी किया, परंतु कुछ पता नहीं चला। खनिज विभाग के अमले ने अंततः नदी किनारे खड़ी चैन माउंटेन को सील कर दिया।

■ प्रतिबंध के बावजूद एक माह से चल रहा था अवैध उत्खनन

खबर का असर

जानकारी के अनुसार एनजीटी के द्वारा बारिश के चार माह रेत का उत्खनन पूरी तरह से प्रतिबंधित है, उसके बावजूद रेत माफियाओं ने आतंक मचाते हुए रेत का उत्खनन कर रहे थे। दो दिन पहले राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने नदी पहुँचकर देखा कि दो हाईवा में अवैध रेत भरी खड़ी थी और चैन मांउटेन का चालक भाग गया था। रात में पहुँची टीम चैन माउंटेन नहीं ला सकी, परंतु खनिज विभाग को कार्यवाही करने के लिए जानकारी दे दिया था। खनिज विभाग का अमला 14 सितंबर की सुबह पहुँचकर चैन माउंटेन के मालिक और चालक की पतासाजी किया, परंतु कुछ पता नहीं चला। चैन माउंटेन को बिना टेलर से लाया नहीं जा सकता था, इसलिए चैन माउंटेन को सील कर दिया गया। इसकी जानकारी खनिज विभाग के अमले ने स्थानीय पुलिस को भी दे दिया। चैन मांउटेन के सील हो जाने से माफिया के मध्य हडकंप मच गया। चैन माउंटेन में दो मोबाईल नंबर लिखे हुए थे, उस पर हरिभूमि ने काल किया, काल रिसीव करने वाले नरेंद्र यादव ने बताया कि मैं राजनांदगांव का निवासी हूँ और बालौद के बेदराम निषाद ने किराए पर लेकर गए थे। मुझे अभी पता चला है कि रेत उत्खनन में लगी थी, जिसे खनिज विभाग ने सील कर दिया है।



**एक माह पहले मशीन उतारी थी**

*बालौद के बेदराम निषाद से इस विषय पर काल करके बात किया तो उन्होने बताया कि अंतागढ़ के भवानी सिन्हा के साथ मिलकर एक माह पहले चैन माउंटेन को उतारा था और काम करते हुए तीन से चार दिन ही हुआ था। शिकायत होने पर दो दिन पहले दो हाईवा पकड़ाई है और चैन माउंटेन को सील कर दिया गया है।*


कार्रवाई चेन माउंटेन को छोड़कर चालक भागा, टीम कर रही तलाश
रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त दो हाईवा को किया कढ़ईखोदरा में जब्त

**राजसात होने की संभावना**

एनजीटी के निर्देश है कि बारिश के चार माह रेत का उत्खनन नहीं करना है और इस समय रेत का उत्खनन करते वाहन पकड़ाए जाते है, तो उन पर कड़ी कार्यवाही किया जाए। कई राज्यों में हाईकोर्ट के निर्देश पर वाहनों को राजसात भी किया जा चुका है। प्रतिबंध में रेत उत्खनन करते हुए चैन मांउटेन और परिवहन करते हुए दो हाईवा बिना रायल्टी की पकड़ाई है, इसलिए नियमानुसार इन वाहनों का राजसात होना चाहिए। खनिज विभाग इन वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करता है या दबाव में केवल दंड लगाता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

**चेन माउंटेन को सील किया गया**

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि दो हाईवा को राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़ा था और जानकारी मिलने पर हमारी टीम ने 14 सितंबबर को चैन माउंटेन को सील किया है। उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

# तेलावट में रामधुनी कार्यक्रम में पार्टियों ने दी रोचक प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

तेलावट में रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश की ख्याति प्राप्त रामधुनी पार्टियों ने भाग लेकर अपनी प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता को दो भागों में बाटा गया था, जिसमें झांकी वाली तथा बिना झांकी शामिल रही। दोनों झांकी के लिए अलग अलग पुरस्कार रखे गए थे। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम का समापन भजन-कीर्तन और सामूहिक आरती के साथ हुआ, जिसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण रहा। रामधुनि प्रतियोगिता का समापन 14 सितंबर को किया एवं प्रतियोगिता में आसपास ग्राम के ग्रामीणजन हजारों की संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम का आनन्द लेते रहे। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दी। विशेष अतिथि के निर्माण सभापति अशोक कचलाम, वन सभापति नितेश सलाम, ग्राम पंचायत तेलावट की सरपंच लक्ष्मी चीराम, उपसरपंच नम्मु राम खरे, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति ईश्वर कावड़े, पूर्व जनपद सदस्य सावित्री सलाम, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग उत्तम जैन, भेदन सेन शामिल हुए। इस मौके पर श्याम मंडावी, श्याम कोरेटी, सियाराम सलाम, परस टावरी, रामरतन साहू सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### उमरादाह में आज होगी रामसत्ता

**कांकेर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत गोठानपारा उमरादाह में पितृपक्ष पर 15 सितंबर से रामसत्ता का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। रामसत्ता में श्री आदर्श रामधनी मंडली धमतरी जिला के गुड़रापारा अपनी प्रस्तुति देगी। आयोजन की तैयारी में भूपेश सलाम, रामकरण कौशिक, अनिल नाग, मनेश्वर नाग, निर्मल, संजय यादव व अन्य ग्रामीण जुटे हुए है।

# वन भूमि पट्टे में भेदभाव का आरोप ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड अंतर्गत ग्राम आमाकडा में वन भूमि पट्टे के वितरण में भेदभाव का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र प्रस्तुत किया है। शिकायत में कहा गया है कि ग्राम की शासकीय वन भूमि, खसरा नंबर 162 और 168 के रकबे पर वर्षों से निवासरत सभी कब्जाधारियों को पट्टा प्रदान नहीं किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार दो व्यक्तियों जैन सिंह उसारे पिता सदेसिंह उसारे और देवानंद पिता रजऊ राम को वन भूमि का पट्टा प्रदान किया गया है। इसी भूमि पर वर्षों से निवासरत अन्य कब्जाधारियों जैसे शिवकुमार यादव, कुम्हार राम, गोकुल निषाद, जैन सिंह निषाद, तुलसीराम और घनश्याम को पट्टा देने से वंचित कर दिया गया है। ग्रामीण शिवकुमार यादव ने कहा हम सभी एक ही गांव के निवासी हैं और समान भूमि पर वर्षों से निवास कर रहे हैं, लेकिन पट्टे की प्रक्रिया में भेदभाव किया गया है। यह हमारे साथ अन्यायपूर्ण है। तुलसीराम ने कहा कि वन भूमि पट्टा के लिए उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया, जबकि अन्य को पट्टा दिया गया। ग्रामीणों ने कलेक्टर से अपील की है कि इस मामले की समीक्षा की जाए और सभी पात्र कब्जाधारियों को समान रूप से वन भूमि का पट्टा प्रदान किया जाए। उन्होंने संबंधित राजस्व अधिकारी, हल्का पटवारी और वन समिति को निर्देशित करने की मांग की है ताकि इस भेदभाव को समाप्त किया जा सके।

■ आमाकडा के निवासियों ने भेदभाव न करने की मांग की




# पाकिस्तान के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन, क्रिकेट मैच के बहिष्कार की मांग

**दुर्गुकोंदल।** पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी घटनाओं और नागरिकों की हत्याओं के विरोध में शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट ने शनिवार को दुर्गुकोंदल में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मेन चौक पर केंद्र सरकार और बीसीसीआई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भारत पाकिस्तान क्रिकेट मैच का बहिष्कार करने की घोषणा की। शिवसैनिकों ने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तानपरस्त आतंकियों ने कई भारतीय माताओं का सिंदूर उजाड़ दिया है। सीमा पार से आए दिन आतंकी वारदातों में निर्दोष नागरिकों की जान जा रही है और भारत में अलगाववाद फैलाया जा रहा है। इसके बावजूद भाजपा सरकार और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने पर अडिग है। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के उस पुराने बयान को याद दिलाया जिसमें कहा गया था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। शिवसेना नेताओं ने सवाल उठाया कि जब खून और पानी साथ नहीं बह सकते तो खून और क्रिकेट साथ कैसे चल सकता है। दुर्गुकोंदल इकाई के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियाँ बंद नहीं करता, तब तक क्रिकेट सहित किसी भी प्रकार के द्विपक्षीय संबंध स्वीकार्य नहीं होंगे। उन्होंने केंद्र सरकार से अपनी दोगली नीति

# हिंदी दिवस पर मेडो स्कूल में हुआ रंगारंग कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मेडो में 14 सितंबर को हिंदी दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। प्राथमिक वर्ग के बच्चों ने हिंदी वर्ण और विराम चिन्हों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने हिंदी बीमार है शीर्षक से लघु नाटिका और कक्षा 12वीं ने हिंदी के प्रति लोगों की मानसिकता में बदलाव पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 9वीं की बालिकाओं का आकर्षक नृत्य दर्शकों को खूब भाया। संकुल समन्वयक ने कहा कि हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। व्याख्याता मधुलता चंद्राकर ने हिंदी की वैश्विक पहचान पर प्रकाश डाला, जबकि सूत्रधार सरस्वती कोमरा ने इसे भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताया। प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी देश की समृद्धि उसकी भाषा में झलकती है। हिंदी संस्कृत की वंशज है और भारत की एकता व विविधता की प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

**इनका रहा योगदान**

आयोजन की सफलता में मेघनाथ कांगे, सुरेश नाग, मधुलता चंद्राकर, अनिल साहू, भागीरथी बोगा, नितेश चंद्राकर, डोमेश्वर साहू, मेर सिंह कोमरा, नंदू दुग्गा, गिरजा शंकर सिन्हा, आकाश यदु, सावित्री मंडल, शारदा सिन्हा और केसर सिन्हा सहित सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

**श्री गणेश, दुर्गा, काली माता की मनोरम झांकी प्रस्तुत की**

# चारामा में तीन दिनी संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीश्री रामधुनी समिति पुराना नाकापारा चारामा द्वारा राज्य स्तरीय त्रि दिवसीय संगीतमय रामधूनी प्रतियोगिता का आयोजन नगर के नाकापारा वार्ड क्र 2 रामसत्ता चौक में 12 से 14 सितम्बर तक किया गया।

दरामधुनी का शुभारंभ पंडित विकास दुबे एवं शीतला माता मंदिर पुजारी व ग्राम पटेल ठाकुर राम द्वारा विधि विधान से भगवान श्रीराम, लखन, माता सीता एवं हनुमान की प्रतिमा को झुले में स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा एवं रामधुनी दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्य स्तरीय भव्य संगीतमय रामधूनी प्रतियोगिता में राज्य के कोने कोने से ख्याति प्राप्त रामधूनी मंडलियो द्वारा भगवान गणेश माता पार्वती, मां दुर्गा, महाकाली, ब्रम्हा विष्णु, महेश, देवीं देवताओं का आकर्षक झांकियों के साथ भगवान श्री राम की धुनी लिए भजनों व सुरमधूर संगीतो के साथ सचित्र वर्णन करते हुए बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति दे रहे है, जिससे पुरा नगर भक्ति के रस मे डुब गया है। आत्मसात करने नगर के साथ साथ बहुत दुर दुर से श्रद्धालूगण पहुंच रहे है और आत्मसात कर रहे है। आयोजक समिति द्वारा इस प्रतियोगिता में झांकी पक्ष और गायन पक्ष में प्रथम से लेकर पंचम स्थान प्राप्त मंडलियो को आकर्षक ईनाम की धोषणा की गई है, जिसमें झांकी में प्रथम पुरस्कार की राशी 7101 रूपए, द्वितीय 5101 रूपए, त्रितीय 3101 रूपए, चतुर्थ 2501 रूपए, पंचम 2102 रूपए, गायन में प्रथम पुरस्कार की राशि 5101 रूपए, द्वितीय 3101 रूपए, त्रितीय 2501 रूपए, चतुर्थ 2101 रूपए एवं पंचम पुरस्कार 1501 रूपए जीतने वाले प्रतिभागियो में वितरण किया और साथ ही सभी प्रतिभागी मंडलियों को समिती द्वारा 3000 रूपए की प्रोत्साहन राशी दी गई। इस राज्य स्तरीय राम धुनी प्रतियोगिता में पुरे प्रदेश भर के ख्यात विख्यात मंडलियों ने भाग लिया। आयोजक समिती द्वारा पंडालो में आकर्षक साज -सज्जा के साथ ही साथ नगर एवं बाहर से आए श्रद्धालूगण-श्रोताओं के लिए आवश्यकतानुसार जल पान एवं भोजन की पुरी व्यवस्था की गई है। आयोजक समिती द्वारा नगर में लगातार 51 वर्षों सें सफलतापूर्वक आयोजन कर अपनी सेवा दे रहे है।

# समूह की महिलाओं ने 10वीं व 12वीं की ओपन परीक्षा की उत्तीर्ण



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की ओपन परीक्षा में विभिन्न कलस्टर की स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा लगातार 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होकर भारी संख्या में महिलाएं उत्तीर्ण हो रही हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच रूपल उसेंडी एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में क्लस्टर डुमाली की सभी 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण महिलाओं को शैक्षणिक सत्र 2024-25 की परीक्षा परिणाम अंकसूची प्रदान की गई। विभिन्न स्वास्थ्य सहायता समूह के द्वारा लगातार प्रौढ़ महिलाएं इस ओपन परीक्षा कार्यक्रम से जुड़कर अध्ययन अध्यापन कर रही है और शिक्षा से वंचित रही महिलाओं को पर्याप्त सफलता भी मिल रही है। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले स्व सहायता समूह की महिलाओं का स्वागत तिलक एवं तालियों के साथ किया गया। अंकसूची प्राप्त कर छात्राओं ने अत्यधिक प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासी एवं अभिभावकों ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।